न्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
सद के अधिनियम द्वारा स्थापित
र्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
क्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन
56-57, सास्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058

8-1/CSU/Acd/Admission/2022/588

दिनांक 01.11.2022

# अधिसूचना

**विषय :- शिक्षाशास्त्री के पाठ्यक्रम के शुल्क निर्धारण के संबंध में।**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रति वर्ष की भांति वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022-23 की शिक्षाशास्त्री की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

समर्थ पोर्टल के द्वारा छात्रों का पंजीकरण शुल्क प्रेषण ऑनलाइन माध्यम से होना निश्चित किया गया है। छात्रों के शुल्क का विवरण इस प्रकार है -

**प्रति शैक्षणिक सत्र शिक्षाशास्त्री प्रवेश शुल्क**

| क्र. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश शुल्क | 300 |
| 2. | नामांकन शुल्क | 100 |
| 3. | सुरक्षित धन पुस्तकालय | 400 |
| 4. | परिचय पत्र शुल्क | 100 |
| 5. | छात्र कल्याण शुल्क | 400 |
| 6. | पत्रिका शुल्क | 500 |
| 7. | पुस्तकालय सेवा शुल्क | 300 |
| 8. | क्रीड़ाशुल्क | 200 |
| 9. | विविधप्रवृत्ति, कला/कृतिशुल्क | 2700 |
| 10. | शिक्षणोपकरणमंजूषा | 800 |
| | योग | रु. 5800 |

GENERAL ENQUIRY : 011-28520977, 28521994, 28524993, 28524995, 28525963
VC : 28523949, REGISTRAR : 28520979, ACD : 28521948, ADMIN : 28524532, EXAM : 28521258, N.F.S.E. : 28524387,
MSP : 28523011, SCHEMES : 28520966, EMAIL : centralsanskrituniversity@gmail.com, WEBSITE : www.sanskrit.nic.in

CS CamScanner

शिक्षाशास्त्री विशेषपाठ्यक्रम शुल्क प्रति सत्रार्द्ध प्रदेय

| क्र. | विवरण | प्रथमवर्ष शुल्क रु. (आगामी सत्र 2022-23 से) |
|---|---|---|
| 1. | संगणकीय कार्य | 500 |
| 2. | विशिष्ट व्याख्यान | 200 |
| 3. | शिक्षण शुल्क | 1000 |
| | योग | 1700 |

यह पत्र सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से निर्गत है।

B. Biswal 01/11/2022
(प्रो. बनमाली बिश्वाल)
अधिष्ठाता (शै.मा.)

CamScanner

य संस्कृत विश्वविद्यालय
के अधिनियम द्वारा स्थापित
ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
लय, भारत सरकार के अधीन
संस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

**Central Sanskrit University**
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058

क्र.सं.-9-1/के0सं0वि0/अधि.शैक्ष/2022/596 दिनांक-03.11.2022

**ई-मेल**

**सेवा में,**

**निदेशिका/निदेशक,**
**जयपुर परिसर/भोपाल परिसर/सदाशिव परिसर/वेदव्यास परिसर/लखनऊ परिसर/गुरूवायुर परिसर/राजीव गाँधी परिसर/श्री रणवीर परिसर/एकलव्य परिसर**
**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

विषय :- **शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष शैक्षिक सत्र २०२२-२३ में प्रवेश के सन्दर्भ में।**

महोदया/महोदय,

विदित है कि शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों की सूची अग्रिम कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित की जा रही है। छात्रों का परामर्शन (Councelling) दिनांक 04.11.2022 से 09.11.2022 तक पूर्ण किया जाना अपेक्षित है। उक्त कक्षा में प्रवेश हेतु स्थानीय प्रवेश समिति को निम्नलिखित विषयों पर अवश्य ध्यान देने हेतु निर्देशित किया जाए-

- माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त सम्बन्धित प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में प्रवेश की सुविधा दी गई है। ऑन-लाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **अस्थायी प्रवेश** दिया जायेगा। जिन प्रवेशार्थियों को **अस्थायी प्रवेश** प्रदान किया जायेगा उनसे शपथपत्र लेना होगा कि "सामान्य परिस्थिति होने पर मैं भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुनः दस्तावेजों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जा सकता है तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं होगा।"
- जन्मतिथि के प्रमाणपत्र की जांच करना तथा प्रवेश हेतु नियमानुसार आयु है या नहीं यह सत्यापन करना।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत विषय सहित)/समकक्ष उपाधि और/या आचार्य/एम. ए. (संस्कृत)/समकक्ष उपाधि उत्तीर्ण अंकतालिकाओं एवं प्रमाणपत्रों का निरीक्षण करना।
- चिकित्सकीय प्रमाणपत्र का निरीक्षण करना। (प्रवेशार्थीयों का प्रवेश पश्चात् परिसर के द्वारा किया जाएगा)
- रैगिंग के विरोध सम्बन्धित शपथपत्र का निरीक्षण करना। (प्रवेशार्थीयों का प्रवेश पश्चात् परिसर के द्वारा किया जाएगा)

**कृ.प.उ.**



CamScanner

- (Anti- ragging .in/ Affidavit_university_form.ph.p) के माध्यम से register करके परिसर में पत्र जमा करना होगा।
- छात्रों का Academic Bank Credit (ABC) प्रतिलिपि जमा करना होगा।
- परिसर-स्थानान्तरण निषेध का छात्रों द्वारा लिखित प्रतिज्ञा-पत्र लेना।
- प्रवेशार्थियों के सभी दस्तावेजों की सही जाँच करने के उपरान्त ही प्रवेशार्थियों से नियमानुसार जमा करने की अनुशंसा करें।
- ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त प्रवेशार्थियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया जाये कि "यह आपका अस्थायी प्रवेश है। प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब आप भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।"
- सूची में प्रवेशार्थियों का दूरभाष एवं ई-मेल विवरण दिया गया है। अत: सूची में अंकित प्रवेशार्थियों से दूरभाष से भी सम्पर्क किया जा सकता है।
- किन्हीं कारणों से प्रवेशार्थियों के प्रवेश में त्रुटि पाये जाने पर एवं प्रवेशार्थियों द्वारा न्यायालय में शिकायत करने पर सम्बन्धित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति एवं निदेशक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
- प्रवेश दिनांक 04.11.2022 को प्रात: 10:30 बजे से दिनांक 09.11.2022 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीय समय पर लिया जायेगा।
- स्थानीय प्रवेश समिति के द्वारा जिन प्रवेशार्थीओं को स्थायी/अस्थायी रूप से प्रवेश दिया जाता है उन प्रवेशार्थियों को https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/ पर प्रवेश शुल्क भरने के लिए मार्गदर्शन करें।
- सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार देय होगा।

| शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष | शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध-7500/- (5800+1700) | तृतीय सत्रार्द्ध-7500/- (5800+1700) |
| द्वितीय सत्रार्द्ध-1700/- | चतुर्थ सत्रार्द्ध-1700/- |

- प्रवेशार्थियों का प्रवेश शुल्क परिसर के द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
- शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष का कक्षा आरम्भ दिनांक 15.11.2022 होगा।
- जिन छात्रों का परामर्शन जिस दिन किया जाएगा, उसी दिन शाम 5.00 बजे छात्रों का विवरण उक्त मेल ss-admission@csu.co.in पर भेजना आवश्यक है।

सादर,

भवदीय

B. Biswal 03/11/2022

(प्रो. बनमाली बिश्वाल)

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)

CamScanner